समापन | सूर्या कमांड एथलेटिक्स चैंपियनशिप का भव्य समापन

# गति, शक्ति और सैनिक जज्बे का दिखा अद्भुत संगम





**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में 1 एसटीसी स्थित मैथ्यूज ग्राउंड पर आयोजित सूर्या कमांड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026-27 का समापन शानदार अंदाज़ में हुआ। 15 से 18 मार्च तक चले इस चार दिवसीय आयोजन में भारतीय सेना के विभिन्न फॉर्मेशनों के एथलीटों ने अपनी प्रतिभा और दृढ़ता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

### पाइप बैंड की धुनों ने बढ़ाया जोश

सिग्नलर्स और ग्रेनेडियर्स के पाइप बैंड की ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को देशभक्ति और गौरव से भर दिया। दर्शक और प्रतिभागी दोनों ही इस जोशीले माहौल में पूरी तरह सराबोर नजर आए।

### देहरादून टीम बनी चैंपियन

चार टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा में देहरादून की टीम ने उत्कृष्ट तालमेल और दमदार प्रदर्शन के बल पर प्रथम स्थान हासिल किया।

हर खिलाड़ी ने खेल भावना का परिचय देते हुए आयोजन को यादगार बना दिया।



### ट्रैक और फील्ड पर दिखी दमदार प्रतिस्पर्धा

चैंपियनशिप के दौरान 5000 मीटर दौड़, 400 मीटर स्टीपल चेज़, डिस्कस थ्रो, हैवीवेट शॉट पुट और जैवलिन थ्रो जैसी कठिन स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने अपनी सीमाओं को पार करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। मैदान में हर इवेंट के साथ उत्साह और रोमांच चरम पर रहा, जहां अनुशासन और जोश का अनोखा मेल देखने को मिला।

### दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी से बढ़ा उत्साह

समापन समारोह में ओलंपिक खिलाड़ी सूबेदार कुन्हू मोहम्मद और सूबेदार मेजर (मानद कप्तान) के. एस. मैथ्यू की उपस्थिति ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल संजय गौतम (चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य भारत क्षेत्र मुख्यालय) ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। मेजर जनरल संजय गौतम ने अपने संबोधन में सैनिकों के जोश, समर्पण और टीम वर्क की सराहना करते हुए कहा, 'जहां तैयारी दबाव से मिलती है, वहीं सच्चे चैंपियन उभरते हैं।' उनका यह संदेश खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना।

# डिंडोरी ने बालाघाट को 10 विकेट से हराया

▸ अंडर-13 क्रिकेट में दिखाया दम, पवन की घातक गेंदबाजी ने बनाई जीत आसान



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-13 बालक वर्ग दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के मैच में डिंडोरी जिले ने बालाघाट जिले को पहले दिन ही 10 विकेट से मात दी। मैच वेस्ट लैंड सुभाष ग्राउंड, खमरिया में खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे बालाघाट के बल्लेबाज पवन मरूवा की घातक गेंदबाजी के सामने 19 ओवरों में 10 विकेट पर केवल 58 रन ही बना पाए। प्रबल हनवात ने 21 रन और लक्ष्य यादव ने 17 रन बनाए। डिंडोरी के पवन कुमार मरूवा ने 7 ओवर में 6 विकेट लिए, तन्मय गौर ने 2 विकेट लिए।

### डिंडोरी ने बनाई मजबूत बढ़त

डिंडोरी की पहली पारी में 10 विकेट पर 121 रन बने। अर्थव राव ने 35 रन, पवन मरूवा ने 31 रन बनाए। बालाघाट के चिराग चंदेल ने 3 और दर्शन विनोद ने 2 विकेट लिए। डिंडोरी ने बालाघाट पर 63 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की।

### दूसरी पारी में भी डिंडोरी का दबदबा

दूसरी पारी में बालाघाट फिर पवन मरूवा की गेंदबाजी के शिकार हुए और 10 विकेट पर केवल 77 रन ही बना पाए। प्रबल हनवात ने 31 रन और लक्ष्य संचेती ने 11 रन बनाए। डिंडोरी ने 15 रनों का आसान लक्ष्य बिना विकेट खोए हासिल कर मैच जीत लिया। अर्थव राव नाबाद 8 रन रहे। मैच में अंपायर की भूमिका पवन सिंधिया, प्रतीक खरे ने निभाई जबकि स्कोरर सिमरन रही।

# एक्सपीरियंस शेयर कार्यक्रम में जबलपुर मॉडल की सराहना

▸ डॉ. विजयकांत तिवारी ने रखी जिला जबलपुर की उपलब्धियां




**नवभारत, जबलपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में यूनिसेफ, मध्य प्रदेश कार्यालय भोपाल में 'एक्सपीरियंस शेयर कार्यक्रम' आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय, राज्य एवं जिला स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लेकर अपने अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर जबलपुर चीफ़ कमिश्नर डॉ. विजयकांत तिवारी ने प्रशासन के सहयोग से जिले में प्राप्त उपलब्धियों और स्काउट-गाइड गतिविधियों का प्रभावी प्रस्तुतीकरण किया, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया।

कार्यक्रम में एसबीसी चीफ़ डेनिस लॉरेंस, एसबीसी चीफ़ भोपाल विलियम, एसबीसी ऑफिसर झिमली बूरहा, राष्ट्रीय मुख्यालय डायरेक्टर दर्शना पावस्कर, डिप्टी डायरेक्टर अरूप सरकार, असिस्टेंट डायरेक्टर बबलू गोस्वामी, स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं राज्य आयुक्त राजीव जैन, स्टेट सेक्रेटरी बी.एल. शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी श्रीमती जानकी सिंह, सहायक राज्य संगठन आयुक्त ललित कुमार मिश्रा, जिला संगठन आयुक्त गणेश श्रीवास्तव सहित जबलपुर, कटनी, बड़वानी और भोपाल के समन्वयक उपस्थित रहे।



# पुलिस ने ध्यान सत्र का किया आयोजन

**भोपाल, 19 मार्च.** पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और जनसेवा में संवेदनशीलता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस ने 19 मार्च को देवास के औद्योगिक क्षेत्र थाने में विशेष ध्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया. यह कार्यक्रम पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और पुलिस महानिरीक्षक रुचि वर्धन मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के नेतृत्व में आयोजित हुआ. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु कमलेश डी. पटेल की उपस्थिति रही, जिन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ संवाद करते हुए ध्यान सत्र का संचालन किया.

# जबलपुर में पहली बार होगा मध्य प्रदेश ध्यान महायज्ञ

▸ देशभर से जुटेंगे 1000 से अधिक साधक

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर में पहली बार 20, 21 एवं 22 मार्च को मानस भवन में तीन दिवसीय 'मध्य प्रदेश ध्यान महायज्ञ' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटी मूवमेंट (पीएसएसएम) जबलपुर एवं पी.एम.सी. हिंदी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती संगीता डोडानी ने बताया कि महायज्ञ में देशभर से 1000 से अधिक साधकों के शामिल होने की संभावना है। संस्था के संस्थापक सुभाष पत्री के मार्गदर्शन में ध्यान के माध्यम से आंतरिक शांति और आत्मिक विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा।



उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से आए अनुभवी वक्ता ध्यान के अपने अनुभव साझा करेंगे तथा इसके वैज्ञानिक और व्यावहारिक पहलुओं पर प्रकाश डालेंगे। साथ ही प्रतिभागियों को आनापानसति ध्यान (श्वास आधारित ध्यान विधि) का प्रशिक्षण दिया जाएगा। तीन दिवसीय यह आयोजन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा, जिसमें प्रतिभागियों के लिए भोजन (प्रसाद) की भी व्यवस्था की गई है। इच्छुक साधक पी.एम.सी. हिंदी ऐप के माध्यम से पंजीयन कर सकते हैं। इस अवसर पर शम्पा मुखर्जी, संगीता ओअनी, महेश सिंह और मनीष भल्ला सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जबलपुर संभागीय बालक वर्ग 18 का इंदौर में होगा मुकाबला

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की शफकत मोहम्मद खान एकदिवसीय प्रतियोगिता में जबलपुर संभागीय बालक वर्ग 18 टीम भाग लेगी। टीम के सचिव सुशील रजक ने बताया कि टीम के कप्तान हर्ष मंगलानी होंगे और उपकप्तान सेजल भादे होंगे। टीम के खिलाड़ी में मलय लोहिया, प्रतीक त्रिपाठी, ओजस सहारा, नाकुल गुप्ता, अथर्व शर्मा, सक्षम वर्मा, कौशिक सिंह, सुमित सिंह, सुबीर अरोड़ा, आदित्य गौतम, अतुल परिहार, विनायक सिंह, हिमांग तिवारी एवं अतिरिक्त खिलाड़ी में अरनव शिवपुरकर, असलन अली, श्लोक दुबे, रुशील खेडीकर शामिल हैं। पहला मैच 26 मार्च को उज्जैन संभाग, दूसरा 27 मार्च भोपाल संभाग, तीसरा 28 मार्च चंबल संभाग, और चौथा 29 मार्च नर्मदा पूर्व संभाग के खिलाफ खेला जाएगा। सभी मैच 50-50 ओवर के होंगे।

# घर की छत से शराब का जखीरा पकड़ाया

**नवभारत, जबलपुर।** अधारताल पुलिस ने गांधी चौक कटरा स्थित एक मकान की छत पर दबिश देकर 25 पेटी अवैध देशी शराब का जखीरा बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक मुख्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

सीएसपी अधारताल थाना राजेश्वरी कौर ने बताया कि सूचना मिली कि गांधी चौक निवासी





विवेक कोरी के मकान की छत को अवैध शराब के गोदाम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। अधारताल पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी की और दबिश दी। पुलिस के पहुंचते ही छत पर मौजूद गौरव जायसवाल गेट के सहारे नीचे कूद गया और अंधेरे का लाभ उठाकर भाग निकला। मौके पर पुलिस ने नारायण जायसवाल (62) और मकान मालिक विवेक कोरी (22) को दबोच लिया। तलाशी के दौरान छत पर रखी 25 पेटियों में कुल 1250 पाव देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी नारायण जायसवाल ने बताया कि उसने और उसके बेटे गौरव ने अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से यह शराब छिपाई थी। वहीं मकान मालिक विवेक कोरी ने खुलासा किया कि गौरव और नारायण ने उसे शराब बिकने के बाद मुनाफे में हिस्सा देने का लालच दिया था, जिसके कारण उसने अपनी छत पर शराब रखवाई थी। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। फरार गौरव जायसवाल की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

# गुड़ी पड़वा पर प्रदेश में जगह-जगह सूर्य उपासना

## सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के आदर्शों पर चलने का प्रयास किया : सीएम

▸ कोटि सूर्य उपासना का मुख्य कार्यक्रम राजधानी में हुआ

▸ मंत्रियों ने जिलों में आयोजित कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**भोपाल, 19 मार्च.** चैत्र प्रतिपदा, गुड़ी पड़वा के पावन पर्व पर गुरुवार को प्रदेश भर में अद्भुत नजारा देखने मिला, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से लेकर सभी मंत्री, सांसद, विधायकों ने एक साथ अलग- अलग स्थानों में सूर्य उपासना की. सबेरे सूर्य को अर्ध्य दिया और फिर बाद में ब्रह्म ध्वज की स्थापना की.

मुख्य कार्यक्रम राजधानी में हुआ, जहां मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रवीन्द्र भवन परिसर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इससे पहले सबेरे मुख्यमंत्री निवास में सीएम ने भगवान सूर्य को अर्ध्य दिया. यह पहली बार हुआ कि राज्य सरकार के स्तर पर इस तरह का आयोजन किया गया. बाद में मुख्यमंत्री इंदौर और उज्जैन में अलग- अलग कार्यक्रमों में भी शामिल हुए. इंदौर से उन्होंने राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरुआत की, वहीं उज्जैन में इंफ्लुएंसर्स मीट में हिस्सा लेने के अलावा उन्होंने सृष्टि आरंभ दिवस पर हुए कार्यक्रम में भी शामिल हुए.



रवीन्द्र भवन में आयोजित विक्रमोत्सव-2026 के तहत कोटि सूर्य उपासना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज गुड़ी पड़वा है. संपूर्ण सृष्टि में गुड़ जैसी मिठास फैल गई है. ऐसा इसलिए, क्योंकि हमारी भारतीय संस्कृति में आज से नव संवत्सर एवं नववर्ष का प्रारंभ हो गया है. उन्होंने कहा कि नव संवत्सर सृष्टि के आरंभ दिवस की अमृत बेला को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाने वाला पर्व है. आज से एक नए संवत् और भारतीय नववर्ष का प्रारंभ हो गया है. हमारे यहां संवत् सृष्टि के साथ, प्रकृति के सानिध्य में और शासक के पुरुषार्थ से प्रारंभ होता है. सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त किया. तत्कालीन समाज के अराजक तत्वों और आतताईयों का दमन किया. उन्होंने अपनी संपूर्ण प्रजा को कर्जमुक्त बनाया. सच्चे अर्थों में सामाजिक सद्भाव की नींव रखी. वे लोकतंत्र के महानायक थे. उनके पुरुषार्थ से ही प्रारंभ किया गया विक्रम संवत् आज 2083 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के ओजस्वी शासन उनके शौर्य, साहस, पराक्रम एवं न्याय के प्रतिमानों को आत्मसात करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास किया. हम समाज के हर वर्ग के चहुंमुखी विकास के लिए प्रयासरत हैं.

### पं. कुंजीलाल दुबे के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्व. पं. कुंजीलाल दुबे तीन बार मप्र विधानसभा के अध्यक्ष रहे. विधानसभा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हिन्दी भाषा को प्रतिष्ठित स्थान दिलाने में बड़ा योगदान दिया. स्व. पं. दुबे के विधानसभा अध्यक्षीय कार्यकाल की सुदीर्घ सेवाओं और संसदीय परम्पराओं को और भी समृद्ध बनाने में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को स्व. पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जन्म जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा भवन परिसर में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. पं. दुबे की समाजोन्मुखी सेवाओं के लिए वर्ष 1964 में इन्हें पद्मभूषण की उपाधि विभूषित किया गया.

### जयपुर में निवेशकों को निवेश

### जयपुर में निवेशकों को निवेश के लिए न्यौता देंगे सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भीलवाड़ा में टेक्सटाइल सेक्टर पर केंद्रित सफल संवाद के बाद अब 21 मार्च को जयपुर के आईटीसी राजपूताना में इंटरेक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्यूनिटीज इन मप्र में उद्योग जगत से सीधा संवाद करेंगे, जहां वे मप्र में निवेश के अवसरों, नई औद्योगिक नीतियों और बेहतर अधोसंरचना की जानकारी देते हुए निवेशकों को राज्य में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित करेंगे. जयपुर में आयोजित सत्र विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों—कृषि, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, टेक्सटाइल एवं गारमेंट्स, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिक व्हीकल, नवीकरणीय ऊर्जा, माइनिंग एवं मिनरल्स तथा पर्यटन से जुड़े उद्योगपतियों और औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों की सहभागिता का साक्षी बनेगा.

# नगर निगम कर रही जनता के पैसों की बर्बादी

**नवभारत,जबलपुर।** गोकलपुर पूर्व पार्षद राजेश यादव ने नगर निगम पर जनता के पैसों की बर्बादी को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। पूर्व पार्षद ने बताया कि गोकलपुर-रांझी क्षेत्र के डिवाइडर में पुट्टी एवं पेंट का कार्य किया जा रहा है। जबकि अमृत 2.0 योजना के तहत यहां पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जायेगा जिससे पूरे डिवाईडर फिर खराब हो जायेंगे। क्योंकि रांझी क्षेत्र के डिवाईडर से सटकर पाईप लाईन बिछाने का कार्य किया जा रहा है। जल विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि दो दिन बाद फिर से खुदाई का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। जिससे पूरे डिवाईडर खराब हो जायेंगे। पूर्व पार्षद राजेश यादव ने कहा कि नगर निगम ठेकेदारों को उपकृत करने के लिये ऐसा कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर जनता के पैसों की बर्बादी की जा रही है। जो कि जनता से टैक्स वसूली कर वसूली जायेगी। इसका विरोध नगर निगम की सदन बैठक में दर्ज कराया जायेगा ।


### नाम सुधार सूचना

यह कि मैं सूर्यकांत छनियाँ (Suryakant Chhaniya) पिता विजय छनियाँ (Vijay Chhaniya) उम्र 47 वर्ष निवासी 228 तिलक वार्ड सराफा बाजार दरहाई रोड जबलपुर म.प्र. 482001 हूँ यह कि मेरा आधार कार्ड नं. 497404727541 एवं पेन कार्ड AEEPC6273K एवं सभी दस्तावेजो में मेरे पिता जी का नाम विजय छनियाँ (Vijay Chhaniya) अंकित है जो कि सही है यह कि मेरी दसवीं की अंकसूची में मेरे पिता जी का नाम त्रुटिवश वी के छनियाँ (V K Chhaniya) अंकित है यह कि अंकसूची में दर्ज नाम एवं पेन कार्ड और आधारकार्ड में दर्ज नाम दोनों एक ही व्यक्ति है यह कि मुझे पासपोर्ट बनवाने हेतु शपथ पत्र की आवश्यकता हैं।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सौरभ तिवारी पिता श्री गोपाल तिवारी निवासी मकान नम्बर 519 सेक्टर आर महालक्ष्मी नगर, विजयनगर इन्दौर म.प्र. जो मेरे निवास स्थान 38 बी स्लाईस 6 स्कीम नम्बर 78 विजयनगर इन्दौर म.प्र. पर घरेलु कार्य (ड्रायवर एवं हाउस हेल्पर मैनेजर) के रूप में कार्यरत था, उनका कार्य संबंध दिनांक 30/12/2025 से समाप्त कर दिया है। अतः उक्त तिथि के पश्चात उनके द्वारा मेरे नाम से किया गया कोई भी लेन देन, उधारी, अथवा किसी प्रकार का आश्वासन पूर्णतः अवैध एवं अमान्य होगा, जिसके लिये मैं किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नही होंगे। सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है, कि वे उक्त व्यक्ति के साथ किसी भी प्रकार का व्यवहार अपने स्वयं के जोखिम पर करें ।

सूचना प्रदाता

श्रीमती बैला गजरा

मकान न. 38 बी, स्लाईस 6 स्कीम नम्बर 78 विजयनगर इन्दौर म. प्र.
मोबाईल नम्बर 9755231517

### मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता
### रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

ज्ञाप क्र.11/ /सा-2/2025-26 | निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति) | दिनांक 10/03/2026

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्म जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है-

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 34/सा./मु.अ./ 2025-2026 दिनांक 10/03/2026 (प्रथम आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर, बांयी तट नहर संभाग क्र.2 बरगी हिल्स, जबलपुर की नहर प्रणाली के अन्तर्गत खरीफ सिचांई के दौरान नहर संचालन हेतु अकुशल श्रमिक प्रदाय करने का कार्य। | रू.22.91 लाख (रू. बाईस लाख इनक्यावने हजार मात्र) (कलेक्टर जबलपुर द्वारा अनुमोदित आदेश क्र. 2679/वि.लि.(3)/2025 जबलपुर दिनांक 29/04/2025 के अनुसार दरे लागू) | रू.45000/- (पैतालीस हजार रूपये मात्र) | रू. 5000/- (पांच हजार पांच सौ रूपये मात्र) | 90 मानव दिवस वर्षाकाल सहित |
| 2. | 35/सा./मु.अ./ 2025-2026 दिनांक 10/03/2026 (प्रथम आमंत्रण) | रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना जबलपुर जिले के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये बांयी तट मुख्य नहर की आर.डी. 5.00 कि.मी. से आर.डी. 63.42 कि.मी., पाटन शाखा नहर, पाटन उपशाखा वितरण नहर एवं खजूरी वितरण नहर में वार्षिक मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य। | रू.45.27 लाख (रू. पैंतालीस लाख सत्ताईस हजार मात्र) (एम.पी.डब्ल्यू.डी. आर.डी. यू. सी.एस.आर. 15/07/2024 पर लागू | रू.50000/- (पचास हजार रूपये मात्र) | रू. 5000/- (पांच हजार पांच सौ रूपये मात्र) | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इंटरनेट एकाउंट से भुगतान के उपरांत केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक एवं समय- दिनांक 30/03/2026 17:30 बजे तक।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो यह केवल वेबसाईट पर दर्शाया जायेगा। समाचार पत्र में नहीं।

(डी.एल. वर्मा)
मुख्य अभियंता,
रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

जी-27665/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता